राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–43/2023

प्रहलाद सिंह (कर्मचारी आई.डी.– आरजेबीपी199907013174)

–अपीलार्थी

बनाम

राजस्थान राज्य जरिये अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य।

–प्रत्यर्थीगण

प्रस्तुतिकरण की दिनांक	:	03.01.2023
आदेश की दिनांक	:	05.01.2023

उपस्थिति :–

अपीलार्थी की ओर से : श्री त्रिभुवन नारायण सिंह, अभिभाषक

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)
शुचि शर्मा, सदस्य

आदेश

1. मामले की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपील अधिकरण) अधिनियम, 1976 की धारा 4ए के उपबन्ध में शिथिलिता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर अपील पर सुनवाई की गई।

2. अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी व्याखाता ग्रेड–। हिन्दी के पद पर श्रीमति शीला जोशी रा.उ.मा.वि. काजीपुरा, बहज, भरतपुर में कार्यरत है। आलौच्य आदेश दिनांक 30.11.2022 (अनुलग्नक–1) के द्वारा अपीलार्थी का स्थानांतरण/पदस्थापन रा.उ.मा.वि. Burana, भरतपुर में किया गया है। उनका तर्क है कि अपीलार्थी ने बुराना में अपने स्थानांतरण के किसी प्रकार का अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया है और साथ ही अपीलार्थी को टीए/डीए भत्ते का भी भुगतान नहीं किया गया है। उनका आगे तर्क है कि अपीलार्थी के स्थान पर अभी तक अन्य किसी को पदस्थापित नहीं किया गया है। उनका यह भी तर्क है कि अपीलार्थी की पत्नी राजकीय सेवा में जिला बरई, डीग, भरतपुर में ही कार्यरत है तथा राज्य सरकार की नीति पति–पत्नी दोनों के राजकीय सेवा में रहने पर उन्हें यथासंभव एक ही स्थान पर अथवा पास–पास रखे जाने की नीति रही है, परंतु उक्त स्थानांतरण आदेश इस नीति के विपरीत जाकर पारित किया गया है। अपीलार्थी की माता वृद्ध है

तथा हेमेपेरेसिस बीमारी से पीड़ित है, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी अपीलार्थी पर ही है। अतः दूर स्थानांतरण से अपीलार्थी को विभिन्न समस्याओं को सामना करना पड़ेगा।

3. हमने विद्वान् अधिवक्ता की बहस सुनी। बहस के दौरान अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता द्वारा यह अनुरोध किया गया कि अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर प्रत्यर्थी विभाग द्वारा नियमानुसार अभ्यावेदन का निस्तारण करने के आदेश प्रदान किए जावे। प्रत्येक कार्मिक को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सेवा संबंधी अभाव अभियोग निवारण हेतु अपने नियोक्ता को अभ्यावेदन प्रस्तुत करें।

4. अतः प्रस्तुत अपील के तथ्यों के संबंध में गुणावगुण पर विचार नहीं करते हुए तथा अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता के स्वयं के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए न्यायहित में यह आदेश दिया जाता है कि अपीलार्थी आगामी 2 सप्ताह की अवधि में विभाग के सक्षम प्राधिकारी को अपनी अपील में वर्णित तथ्यों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करे। सक्षम प्राधिकारी को यह निर्देश दिये जाते है कि वह पूर्वोक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में आगामी 3 सप्ताह की अवधि में नियमानुसार आख्यात्मक आदेश (Speaking Order) प्रसारित कर अभ्यावेदन को निस्तारित करे और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को दे। यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त निर्देश अभ्यावेदन को विशिष्ट रूप से निस्तारित करने के लिए नहीं दिए जा रहे है वरन् मात्र इस आशय से दिए जा रहे है कि अपीलार्थी के अभ्यावेदन का उक्त निर्देशित अवधि में नियमानुसार निस्तारण किया जावे।

5. अतः उक्त अपील, मय स्थगन प्रार्थना पत्र, ग्राह्यता के प्रक्रम पर ही उपर्युक्त निर्देश के साथ अन्तिम रूप से निस्तारित की जाती है।

(शुचि शर्मा)
सदस्य

(अनन्त भंडारी)
सदस्य (न्यायिक)